## 22 तक एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार करेंगे अधिवक्ता

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की एक आपात बैठक सोमवार को बार अध्यक्ष गिरीश चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम की कार्यशैली न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं होने का आरोप लगाते हुए 22 मार्च तक न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए उनके न्यायालय का बहिष्कार रखने का निर्णय लिया है। बार के महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी ने कहा कि एसडीएम राजनैतिक दबाव में आकर कार्य कर रहे हैं। साथ ही कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इससे बार के अधिवक्ताओं और क्षेत्र की जनता का जमकर शोषण हो रहा है। इसलिए बार के सभी अधिवक्ताओं ने 18 से 22 मार्च तक उनके न्यायालय के सभी कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन व ईरान के राष्ट्रपति की फोटो दिल्ली में की थी भेंट

# सिरकी से तस्वीरें बनाईं विदेशी राष्ट्रपतियों से वाहवाही पाई

केपी शर्मा, बदायूं

**अमृत विचार :** हुनरमंद लोग उच्च शिक्षा के मोहताज नहीं होते। उनकी प्रतिभा ही उनकी शिक्षा होती है। ऐसे ही हैं बदायूं के ग्यासुल रहमान। सिर्फ प्रारंभिक शिक्षा ली है लेकिन उनकी बनाई तस्वीरें देख लोग उनके हुनर को सलाम करते हैं। उनके चित्रों ने देश-विदेश के राष्ट्रपतियों व अन्य बड़े नेताओं की वाहवाही हासिल की है। इस हुनरमंद को बदायूं रतन से नवाजा जा चुका है।

शहर के मोहल्ला चौधरी सराय निवासी 65 वर्षीय ग्यासुल रहमान ने कक्षा पांच तक पढ़ाई की। बचपन से ही फोटो बनाने का शौक था। कुछ समय शहर के चित्रकार आकिल अफजाल के पास रहे। आकिल ने ग्यासुल रहमान के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम किया। ग्यासुल ने पहले कुछ नेताओं की फोटो बनायीं।



नई दिल्ली में लालकृष्ण आडवाणी को उनकी फोटो भेंट करते ग्यासुल रहमान।

उसके बाद भगवान के विभिन्न रूपों को कैनवास पर उकेरा। ग्यासुल रहमान ने इन तस्वीरों में रंग भर कर उन्हें जीवंत बना दिया। ग्यासुल ने बताया कि उनके परिवार में सिरकी का काम होता था, इसलिए वह सिरकी से भी तस्वीरें बनाने लगे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की सिरकी से तस्वीर बनाई। बिल क्लिंटन दिल्ली आए तो किसी तरह मुलाकात कर तस्वीर भेंट की तो वह हैरान रह गए। उन्होंने सराहना की। इस तरह ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति को भी उनकी तस्वीर भेंट की। राज्यपाल रहे मोतीलाल बोहरा की भी तस्वीर सिरकी से बनाई। बरेली के सांसद संतोष कुमार ने ग्यासुल की मुलाकात भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से दिल्ली में कराई। आडवाणी की सिरकी से बनाई फोटो भेंट की तो काफी प्रशंसा की। ग्यासुल ने बताया कि उद्योगपति अनिल अंबानी का फोटो सिरकी से बनाकर भेंट किया तो अंबानी ने उन्हें दिल्ली आमंत्रित किया, मगर वह उनसे मिल नहीं पाए। ग्यासुल को 2001 में कवि डा. उर्मिलेश शंखधार की पहल पर कमिश्नर द्वारा बदायूं रत्न से नवाजा गया।



भगवान गणेश और कृष्ण की तस्वीर। ● अमृत विचार

- लालकृष्ण आडवाणी और अनिल अंबानी की भी तस्वीर बनाई थी

### अब आर्डर पर चित्र बनाते हैं



ग्यासुल रहमान ने बताया कि अब वह आर्डर पर ही चित्र बनाते हैं। पांच से दस हजार रुपये तक एक तस्वीर के लेते हैं। अपनी चित्रकारी से परिवार का भरण पोषण करने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं।

## गरुड़ वाहिनी ने चलाया चेकिंग अभियान

**बिल्सी, अमृत विचार :** सोमवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर थाना पुलिस द्वारा गठित की गई गरुड़ वाहिनी ने चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर तलाशी ली। सीओ सुशील कुमार सिंह ने बताया एसएसपी के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गरुड़ वाहिनी का गठन किया गया है। जिससे विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया नगर के पंजाब नेशनल बैंक, बड़ौदा बैंक बड़ौदा, एसबीआई समेत विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट है। इस मौके पर एसओ केके मिश्रा, इंद्रदेव सिंह, अमित तिवारी, दानवीर सिंह, उमांशकर जादौन, मुलायम सिंह, भानु प्रताप सिंह, रविंद्र कुमार आदि रहे।

# अरारोट और मक्के से बने रंगों से होगी होली, तैयार कर रहीं महिलाएं

### तीन स्वयं सहायता समूहों की 50 से अधिक महिलाएं तैयार कर रहीं हर्बल रंग, एनआरएलएम से तीन टन हर्बल गुलाल तैयार करने की मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :**इस बार अरारोट व मक्के के आटे से बने रंगों से होली खेलते लोग नजर आएंगे। बाबाजार में उपलब्ध हर्बल गुलाल लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। तीन स्वयं सहायता समूह की करीब 50 से अधिक महिलाएं हर्बल गुलाल को तैयार करने में जुटी हुई हैं।

महिलाओं को होली पर करीब तीन टन हर्बल गुलाल की बिक्री होने की उम्मीद है। समूह से जुड़ी महिलाएं अरारोट व मक्के के आटे से बनने वाले सुगंधित हर्बल गुलाल को बनाने में तल्लीनता से जुटी हुई हैं। रंगों के त्योहार होली की रौनक अलग ही होती है। रसायन युक्त रंगों का प्रयोग कई बार त्योहार का मजा भी बिगाड़ देता है। होली पर हर्बल गुलाल की बढ़ती मांग को देखते हुए एनआरएलएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को करीब तीन टन गुलाल तैयार करने के लिए कहा है। अरारोट व मक्के के आटे का हर्बल गुलाल तैयार कर उसे बाजार में बेचा जाएगा। गुलाल को रंग-बिरंगा बनाने के लिए भी चुकंदर व हल्दी का ही प्रयोग किया जा रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार इस हर्बल गुलाल का प्रयोग त्योहार का मजा कई गुना बढ़ा देगा। इसको लगाने से शरीर की त्वचा को कोई नुकसान भी नहीं होगा। एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक अवेश खान ने बताया कि तीन स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को हर्बल गुलाल तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा। विकासखंड सालारपुर में शिव पार्वती समूह, दातागंज सदर के गांव हरेली के समूह बालाजी और जगत ब्लॉक के समूह अंबे की महिलाएं गुलाल बना रही हैं। जिसे बिक्री के लिए बाजारों में भेजा जाने लगा है।


रंगों को बनाकर सुखाती स्वयं सहायता समूह की महिला। ● अमृत विचार

- अरारोट व मक्के के आटे से बना हर्बल गुलाल, रखेगा त्वचा का ख्याल

"स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल, पापड़ व चिप्स तैयार कर रही हैं। इनकी बिक्री के लिए विकास भवन व ब्लॉक मुख्यालयों पर स्टॉल लगवाए जाएंगे। जिससे सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी समूह महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की खरीदारी कर सकेंगे। जिसका लाभ महिलाओं को मिलेगा।
**-ब्रजेश शुक्ल**, उपायुक्त एनआरएलएम

### आलू और पापड़ बना रही महिलाएं

एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक अवेश खान ने बताया कि हर्बल गुलाल के साथ ही होली पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत संचालित समूह की महिलाओं को आलू, साबूदाना व चावल के पापड़ के साथ ही आलू के चिप्स बना कर बाजार में बेचने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

## मिलावटी रंग उड़ा न दें चेहरे की रंगत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली रंगों का त्योहार होता है। जगह-जगह बिकने वाले रंगों में मिलावट होने की संभावना बनी रहती है। नकली रंगों से त्वचा को नुकसान हो सकता है। होली पर बाजारों में रंगों की दुकानें सज गई हैं। बाजारों के साथ ही गली-मोहल्लों में अबीर गुलाल बिकने लगा है। बाजार में केमिकल से बने रंगों की भरमार है। इससे सतर्क रहने की जरूरत है। केमिकल से बने रंग जहां त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं वहीं आंखों को भी नुकसान हो सकता है।

होली के त्योहार पर दस दिन पहले से बाजार में रंगों की दुकानें सज जाती हैं। बड़े-बड़े दुकानदार अच्छा रंग खरीद कर लाते हैं उसे बेचते हैं। सड़कों के किनारे भी कई लोग दुकान लगाकर रंग बेचते हैं। इनमें से ज्यादा के पास गैर ब्रांडेड रंग होता है जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। होली पर जम कर अबीर गुलाल उड़ाया जाता है। चेहरे पर हरा लाल रंग लगाया जाता है।


बाजार में बिक रहा अबीर गुलाल और रंग। ● अमृत विचार

रंग खेलने के बाद कई लोगों के चेहरे और आंखों में जलन की शिकायत होती है। जानकारों के अनुसार ऐसा केमिकल से बने रंगों या मिलावटी रंगों के कारण होता है। इसलिए जरूरी है कि केमिकल वाले रंगों से होली खेलने से बचें और जहां तक संभव हो सके हर्बल रंग और गुलाल का ही प्रयोग करें।

जानकार बताते हैं कुछ लोग रंगों को गहरा करने के लिए केमिकल का प्रयोग करते हैं। तो कुछ अन्य घटिया पदार्थ मिला कर रंग तैयार करते हैं इसलिए रंगों को खरीदते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

"छोटी दुकानों एवं सड़कों पर सस्ते रेट में बिकने वाले रंग अक्सर त्वचा को खराब करते हैं। कुछ लोग रंग गहरा करने को ऐसे पदार्थ मिलाते हैं। रंगों में कांच, केमिकल, बालू, मिट्टी और रेत मिलाया जाता है जो त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। इन चीजों से रंगों का वजन बढ़ता है दूसरे सस्ते में मिल जाते हैं। होली पर केवल अबीर गुलाल का प्रयोग ही किया जाना चाहिए। **-डॉ. श्रीपाल**, त्वचा रोग विशेषज्ञ



बाजार में इन दिनों मिलावटी रंग आ रहे हैं जिससे त्वचा खराब होती है। सड़कों पर बैठकर जो दुकानदार रंग बेचते हैं वह हानिकारक होते हैं। ऐसे रंगों चेहरे की रंगत खत्म हो जाती है। मुंह पर रंग नही लगाना चाहिए।
**प्रभा शर्मा**, गृहणी



होली पर रंगों की धूम रहती है। लोग अक्सर चेहरे पर रंग लगाते हैं जिनसे कभी-कभी चेहरे की त्वचा खराब हो जाती है। हम कभी रंग नहीं लगाते हैं और न ही परिवार में किसी को लगाने देते हैं। रंगों से कई तरह की क्षति होती है। **-अनीता सिंह**,शिक्षिका

## स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स के समापन पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शिक्षकों का तप और त्याग राष्ट्र को बनाता है समुन्नत

**अमृत विचार :** नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे बीएड प्रशिक्षुओं के स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। डॉ.भीमराव आंबेडकर और रानी लक्ष्मीबाई टोली प्रथम रही।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. आशीष कुमार सक्सेना ने कहा कि युवा श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश की सेवा करें। मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि शिक्षकों का तप और त्याग राष्ट्र को समुन्नत बनता है। डॉ. मोहनलाल मौर्य ने कहा ईमानदार व्यक्ति हीरे की तरह चमकता है। प्रभारी स्काउट गाइड प्रो. मनवीर सिंह ने कहा स्काउटिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं की जीवन शैली में बदलाव लाता है।


दास कॉलेज में कोर्स के समापन पर मौजूद शिक्षक, छात्र-छात्राएं व ट्रेनर। ● अमृत विचार

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में बीएड प्रशिक्षुओं ने तंबुओं का शहर बसाया। जिसमें डा. भीमराव आंबेडकर टोली प्रथम, स्वामी विवेकानंद टोली द्वितीय, वीर सावरकर टोली तृतीय स्थान पर रही। जबकि गाइड वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई कंपनी प्रथम और सावित्रीबाई फुले कंपनी द्वितीय स्थान पर रही। विजयी टोलियों और दलनायक कमल बाबू, कंपनी लीडर मानसी सक्सेना को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

डॉ. संजीव कुमार सक्सेना, विक्रांत उपाध्याय, एसके सिंह, बीएन शुक्ला, सुषमा, डीओसी मु.असरार आदि ने टेंट का निरीक्षण किया। निर्णायक के रूप में डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. अर्चना रावत, नंदराम शाक्य आदि रहे।

## मूल्यांकन में 745 शिक्षक अनुपस्थित, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** 16 मार्च से जारी मूल्यांकन कार्य में 745 शिक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं। जिसके कारण मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो रहा है। इन शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए शिक्षा विभाग ब्यौरा जुटा रहा है। अनुपस्थित शिक्षकों में अधिकांश की ड्यूटी चुनाव कार्य में भी लगी हुई है। मूल्यांकन के तीसरे दिन सोमवार को 44,359 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

जिले में चार केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इस कार्य में शासन की ओर से 1567 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिछले तीन दिनों से जारी मूल्यांकन कार्य के लिए 745 शिक्षक नहीं पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकांश की डयूटी चुनाव कार्य में लगी हुई है। शेष इनकी आड़ में मस्ती कर रहे हैं। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। अनुपस्थित शिक्षकों का ब्योरा जुटाया जा रहा है। जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई हो सके। वहीं सोमवार को 822 शिक्षकों द्वारा 44,359 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिसमें जीआईसी में 7951, जीजीआईसी में 9445 इंटर की कॉपियां जांची गईं। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 13428 और इस्लामिया इंटर कॉलेज में 13538 कॉपियां जांची गईं।

"मूल्यांकन कार्य में शिक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं। इनमें से कुछ की ड्यूटी चुनाव कार्य में लगी है। कुछ बिना कारणों के अनुपस्थित हैं। इन सभी ब्योरा मांगा जा रहा है। जिससे इनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।
**-डॉ. प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## तैयारी पूरी, अब मतदाताओं की बारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जनपद में चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिक से अधिक से लोग मतदान कर सकें, इसके लिए स्वीप गतिविधियों के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएम ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्ट्रेट में हुई बैठक के दौरान डीएम मनोज कुमार और सीडीओ केशव कुमार ने कहा कि जागरुकता कार्यक्रम के तहत मैराथन, साइकिल रैली, क्रिकेट मैच, पतंगबाजी प्रतियोगिता, महिला स्कूटी रैली, दीपदान व मोमबत्ती प्रज्ज्वलन, मतदाता जागरुकता रथ, अभिभावक संकल्प पत्र, दिव्यांग मतदाता सम्मेलन, पोस्टकार्ड कैंपेन, सोशल मीडिया कैंपेन, मतदाता जागरुकता कव्वाली, नुक्कड़ नाटक व चुनावी पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा मतदाता जागरुकता के संबंध में होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर आदि लगवाये जाएंगे। वहीं शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बुलावा टोली मतदाताओं को घर-घर जाकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर सीएमओ, डीआईओएस, डीपीआरओ, बीएसए, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व स्वीप गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विद्यालयों और संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

### कितनी प्रचार सामग्री छापी देनी होगी जानकारी

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने सोमवार को प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों के साथ बैठक की। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रिंटिग प्रेस संचालक यह सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे कि कितनी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित हुई व उसका कितना मूल्य है। डीएम ने सभी मुद्रक व प्रकाशकों को निर्वाचन से संबंधित प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के दौरान प्रकाशक व मुद्रक का नाम, पता तथा कितनी संख्या में सामग्री प्रकाशित की जा रही है इसकी जानकारी देनी होगी।

**सूरजसमृद्धि महिला प्रोड्यूसर कम्पनी (FPO)**
सालारपुर, बदायूँ
आवश्यकता है
एक सी.ई.ओ. एवं अकाउंटेंट की आवश्यकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 20.3.2024
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
मो. 7820055941

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
● ऑफिस बॉय व हाउसकीपिंग में कार्य करने हेतु लड़कों की
योग्यता :- 8वीं 10वीं पास
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## कल से शुरू होंगी परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पहले ही विद्यालयों में पहुंचाए जा चुके हैं प्रश्न पत्र- 27 मार्च को समाप्त होंगी परीक्षाएं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं कल 20 मार्च से शुरू होंगी। जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग पूरी कर चुका है। प्रश्नपत्र स्कूलों में पहुंचाए जा चुके हैं। परीक्षाएं 27 मार्च तक जारी रहेंगी। परीक्षा में 3.42 लाख बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए बीएसए ने बीईओ को आदेश जारी किए हैं। साथ ही जिला स्तर पर सचल दल का गठन किया जा रहा है।

परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होनी थीं। परंतु किन्हीं कारणों की वजह से शासन स्तर से पर परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करते हुए नया कार्यक्रम जारी कर दिया था। परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू हो रही हैं, जो कि 27 मार्च तक जारी रहेंगी। पूर्व के कार्यक्रम में जहां 16 मार्च को मौखिक परीक्षा होनी थी। वहीं अब 27 मार्च को मौखिक परीक्षा होगी। बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को लेकर तैयारी पूरी है। प्रश्नपत्रों को बीआरसी केंद्रों से स्कूलों में पहुंचा दिये गये हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने के लिए बीईओ को आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं दो सचल दल जिला स्तर से गठित किए गए हैं। बताया कि परीक्षा के दौरान उनके द्वारा भी स्कूलों का भ्रमण किया जाएगा।

सुविधा | जिला महिला अस्पताल में बनाया गया सेंटर, स्टाफ की हुई नियुक्ति

# फिर शुरू की गई चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** खोए और प्रताड़ित बच्चों को आश्रय देने के लिए बनाया गया चाइल्ड हेल्प लाइन सेंटर छह महीने के बाद फिर खुल गया है। जिला महिला अस्पताल में खोले गए सेंटर पर कर्मचारी भी तैनात कर दिए गए हैं। सोमवार को सभी ने कार्यालय पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। पहले दिन ही चाइल्ड लाइन को एक तीन साल की बच्ची मिली है जिसे मंगलवार को मथुरा बाल आश्रम में भेजा जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा पिछले कई सालों में शहर में संचालित है। इसका कार्यालय मंडी समिति के निकट बनाया गया। चाइल्ड हेल्प लाइन द्वारा जिले में करीब सात सौ छोटे बच्चों को समय समय पर उनके परिवारों से मिलाया गया। कई पीड़ित किशोरियों को न्याय दिलाया गया। केंद्र सरकार द्वारा इस कार्यालय को पिछले साल 31 अगस्त को अचानक बंद कर दिया गया। कर्मचारी और परियोजना समन्वयक कमल शर्मा ने काफी प्रयास किए। लखनऊ तक की दौड़ लगाई, शासन में बैठे जिम्मेदारों से बात भी की। मामला अधर में करीब छह महीने तक लटका रहा। इस बीच खोए हुए बच्चों को देखने वाला कोई नही था। हालांकि जिला प्रोबेशन अधिकारी कमल शर्मा से काम लेते रहे। 16 मार्च को केंद्र सरकार की ओर से कार्यालय को फिर से शुरू करने का आदेश दिया गया। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से जिला महिला अस्पताल में इसका सेंटर बनाया गया। इस नए सेंटर पर 18 मार्च को परियोजना समन्वयक कमल शर्मा, मुन्तजिम काउंसलर, पुरुषोत्तम शर्मा, हृदेश और सौरभ सिंह केस वर्कर के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। परियोजना समन्वयक कमल शर्मा ने बताया कि काम शुरू कर दिया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने कार्यालय का निरीक्षण भी कर लिया है।



जिला अस्पताल में बना चाइल्ड लाइन सेंटर।

### तीन साल की बच्ची भेजी जाएगी मथुरा बाल आश्रम

थाना उझानी के गांव गिरधरपुर में एक तीन साल की बच्ची घूमती मिली। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को गांव से लाकर चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर पर भेज दिया। जहां सोमवार को बच्ची को सीडब्ल्यूसी में पेश किया गया। परियोजना समन्वयक कमल शर्मा ने बताया कि बच्ची अपना नाम भी नहीं बता पा रही है। वह कहां की है। यहां पर कैसे पहुंची, कुछ भी बताने में असमर्थ है। बच्ची को मंगलवार को मथुरा स्थित बाल आश्रम भेज दिया जाएगा। यहां पर बच्ची को रखने के लिए कोई प्रबंध नही है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)




Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
19 मार्च 2024 आठवां रोज़ा इफ्तार 6:28
20 मार्च 2024 नौवां रोज़ा सहरी 4:53
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# 12 किलोग्राम अफीम बरामद, पांच गिरफ्तार

## लोहे की आड़ में झारखंड से ट्रक में लाता था अफीम, बदायूं व बरेली में करता था सप्लाई

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

- एएनटीएफ और बिनावर थाना पुलिस ने तस्करों को पकड़ा
- तस्करी के आरोपियों से अफीम, 2.36 लाख रुपये, ट्रक और कार बरामद



मौथाना बिनावर पुलिस की गिरफ्त में अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की बरेली यूनिट ने ट्रक और कार में छिपाकर ले जाई जा रही 12 किग्रा अफीम बरामद की है। पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनमें चार बरेली और एक झारखंड का है। तस्कर झारखंड के आदिवासियों से अफीम लाकर बदायूं, बरेली और पंजाब में सप्लाई करते थे। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत लगभग 1.30 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बिनावर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके तस्करों को जेल भेज दिया।

एएनटीएफ की बरेली यूनिट को लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ तस्कर झारखंड से अफीम लाकर प्रदेश में सप्लाई करते हैं। टीम तस्करों की तलाश में थी। तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ की सर्विलांस टीम भी लगी थी। सोमवार को सर्विलांस टीम ने बरेली की टीम को तस्करों के बिनावर क्षेत्र में होने की सूचना दी। इसके बाद सुबह करीब दस बजे एएनटीएफ की पुलिस उपाधीक्षक प्रतिमा सिंह टीम के साथ बदायूं पहुंची। लोकेशन ट्रेस होने के बाद टीम और बिनावर पुलिस ने घेराबंदी की। भमोरा मार्ग स्थित शिवदेवी मंदिर के पास ट्रक से एक और एक कार से चार तस्करों को पकड़ा। टीम को कार से आठ किग्रा. अफीम और ट्रक में लोहे के सामान के नीचे थैले में चार किग्रा अफीम व 2 लाख 36 हजार 400 रुपये मिले। तस्करों ने अपना नाम जिला बरेली के थाना भमौरा क्षेत्र के गांव गहार्रा निवासी विकास राजपूत पुत्र महेंद्र पाल, गांव हररामपुर निवासी समशुल हक पुत्र खुशी मोहम्मद, बरेली के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव बरसेर निवासी वीरेंद्र पाल वर्मा पुत्र मूलचंद्र, थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव मझगवां निवासी साजिद हुसैन उर्फ सद्दाक और झारखंड के थाना लातेहर क्षेत्र के गांव तरबाड़ी निवासी मोहम्मद शमीम अंसारी पुत्र मोहम्मद शोएब अंसारी बताया। पूछताछ में तस्कर शमीम अंसारी ने बताया कि वह ट्रक का मालिक और चालक है। झारखंड के जमशेदपुर से ट्रक में लोहा भरकर गाजियाबाद स्थित फैक्ट्री पहुंचाता है। बदायूं और बरेली क्षेत्र में अफीम बेचता है। वह 12 किलो अफीम लाया था। उसने समशुल, साजिद, विकास और वीरेंद्र को 8 किग्रा. अफीम बेची थी। ट्रक में मिले 2.36 लाख रुपये बेची गई अफीम के थे। उससे अफीम खरीदने वाले चारों तस्करों ने बताया कि वह अफीम पंजाब ले जाकर महंगे दाम पर बेचते हैं।

तस्करों को गिरफ्तारी करने वाली टीम में बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद पंवार, उपनिरीक्षक रामनाथ कन्नौजिया, सिपाही मोहित, एएनटीएफ की बरेली यूनिट के उपनिरीक्षक विकास यादव एएनटीएफ लखनऊ की सर्विलांस टीम के प्रभारी राजेश मिश्रा रहे। सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि नार्कोटिक्स टीम और बिनावर पुलिस ने तस्कर पकड़े थे। रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें जेल भेजा गया है।

### 1.2 किग्रा गांजा के साथ गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना अलापुर के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह रविवार रात लगभग पौने 12 बजे क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। भोजपुर लिंक मार्ग स्थित केला प्लांट के पास एक युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसने अपना नाम कस्बा अलापुर के मोहल्ला इमलिया नगला के वार्ड 8 निवासी देवेंद्र पुत्र राजेश्वर बताया। उसके खिलाफ 2017 में जिला शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर क्षेत्र में गैंगस्टर के अलावा लूट, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी आदि की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेजा।

## अवसाद में आकर महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव अब्दुल वाहिदपुर उर्फ पवसरा निवासी एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा। महिला के भाई ने बहन के शव के पोस्टमार्टम की मांग की। उन्होंने किसी पर आरोप नहीं लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अमरोहा जिला के थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी ऋषिपाल पुत्र मुन्न ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी बहन तारा देवी की शादी 14 दिसंबर 2016 को गांव अब्दुल वाहिदपुर उर्फ पवसरा निवासी कुंवरपाल के साथ हुई थी। तारा देवी ससुरालीजनों के साथ रहकर खुश थी। रविवार दोपहर भी तारा देवी ने अपनी मां और भाई से फोन पर सामान्य बात की थी लेकिन सोमवार शाम उसने किसी अवसाद में आकर फंदा लगाकर जान दे दी। उस दौरान महिला के पति कुंवरपाल घर पर नहीं थे। उन्होंने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक महिला के भाई ने मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। किसी पर भी आरोप नहीं लगाया है।

## गृह क्लेश में फंदा लगाने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** गृह कलेश में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश करने वाले युवक की इलाज के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार देर शाम युवक का शव गांव पहुंचा तो चीत्कार मच गया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के वार्ड आठ निवासी रेहान (28) पुत्र सुल्तान मजदूरी करते थे। उनका निकाह लगभग एक साल पहले हुआ था। 10 मार्च को किसी बात को लेकर रेहान का परिजनों से क्लेश हो गया था। इसके बाद रेहान ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। समय रहते परिजनों ने देख लिया। रेहान को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर परिजन रेहान को दिल्ली के अस्पताल ले गए। जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में थाने पर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अगर शिकायत आई तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने गांव के ही लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव घटबेटी मजरा अतागंज निवासी चंद्रपाल पुत्र लक्ष्मन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के अमरपाल, महेद्र, मुकेश, आदि लोगों के साथ पुरानी रंजिश है। आरोपियों ने मामूली बात पर उसके साथ गाली गलौज की। जिसका विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। गांव के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# लापता बालक का तालाब में मिला शव

संवाददाता, वजीरगंज

- तालाब किनारे टोपी मिलने पर डूबने की परिजनों को हुई आशंका
- पंपसेट लगाकर निकाला तालाब का पानी तब मिल सका शव



मृतक अंश पाल।



बालक का शव तालाब से निकालते परिजन और ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** घर के बाहर खेलते समय सात साल का बालक लापता हो गया। परिजनों ने तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। दूसरे दिन डूबने की आशंका पर पंपसेट से तालाब का पानी निकाला गया तो मासूम का शव बरामद हो गया।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव टिकुरी निवासी कृष्णवीर खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका सात साल का बेटा अंश पाल उर्फ अन्नू कक्षा एक का छात्र था। वह कस्बा वजीरगंज के विद्यालय में पढ़ता था। रविवार दोपहर वह गांव के बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। दोपहर लगभग तीन बजे वह खेलते समय गांव के पास तालाब की ओर चला गया और अचानक लापता हो गया। शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने देर रात तक तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह परिजन फिर से तलाश करने निकले तो तालाब किनारे के अन्नू पाल की टोपी मिली। परिजनों को उसके तालाब में डूबने की आशंका हुई। पंपसेट मंगवाकर ग्रामीणों की मदद से तालाब का पानी निकाला गया तो तालाब के एक गड्ढे में उसका शव मिला। शव मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** परिवार में गमी होने पर दिल्ली से आए युवक का शव सोमवार को घर के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रोगी था।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बघौर निवासी मोहित (28) पुत्र तेजपाल की शादी नहीं हुई थी। वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। गांव और उनके परिवार के लोगों की बीमारी से मौतें हुई थीं। जिसके चलते वह गमी में शामिल होने के लिए 12 मार्च को गांव आए थे। रविवार रात 11 बजे तक अपने परिवार के लोगों के साथ गांव में घूमे और घर जाकर कमरे में सो गए। सोमवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे परिजनों ने उनका शव कमरे में फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार मोहित कुछ दिनों से मानसिक रोगी हो गए थे।

# छह साल की बच्ची को बंद मकान में ले जाकर दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार दोपहर टॉफी खिलाने के बहाने ले गया था हाईस्कूल का नाबालिग छात्र
- पीड़िता के पिता की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट, आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा

**अमृत विचार :** हाईस्कूल के छात्र ने रविवार दोपहर छह साल की बच्ची को खाली मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के रोने पर बराबर की छत पर मौजूद उसकी मां ने आवाज सुनी। उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बरेली के बाल सुधार गृह भेजा गया है। वहीं बच्ची को मडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा।

थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी छह साल की बच्ची कक्षा दो में पढ़ती है। रविवार शाम लगभग पौने चार बजे वह घर के दरवाजे पर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला हाईस्कूल का छात्र उसे टॉफी खिलाने के बहाने पड़ोस में बंद पड़े मकान में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान छात्रा की मां अपने घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थी। मां ने बच्ची के चीखने की आवाज सुनी तो मकान में झांककर देखा। वह शोर मचाते हुए मकान में गई तो आरोपी भाग गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## वार्ड ब्वॉय ने लिखी पर्ची सीएमएस ने किया निलंबित

जिला संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में सामने आई अनियमितता

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में डॉक्टरों की जगह वार्ड ब्वाय मरीजों को दवाएं लिख रहे हैं और एक्स-रे कर रहे हैं। सोमवार को जब एक्स-रे के लिए सीएमएस के हाथ में वार्ड ब्वाय की लिखी पर्ची आयी तो उसे निलंबित कर दिया गया। वहीं जुआ खेलते पकड़े गए वार्ड ब्वाय को भी निलंबित कर दिया।

सोमवार को देहात के एक मरीज को एक्स-रे रूम में काम करने वाले वार्ड ब्वाय शोएब अली ने एक्स-रे कराने को पर्ची लिखी। पर्ची पर सीएमएस के साइन कराने को कहा गया। मरीज जब पर्ची लेकर सीएमएस के पास पहुंचा तो पर्ची देख कर वह दंग रह गए। उन्होंने वार्ड ब्वाय शोएब को फटकार लगाते हुए निलंबित कर दिया। उधर चार दिन पहले खेलते पकड़े गए वार्ड ब्वाय ह्रदेश नारायण को पुलिस ने जेल भेज दिया। शनिवार को जेल से जमानत पर आया और सोमवार को ड्यूटी करने लगा। जानकारी मिलने पर सीएमएस ने उसे निलंबित कर दिया। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि दोनों वार्ड ब्वाय को निलंबत कर जांच डॉ. अमित वार्ष्णेय को सौंपी गयी है।

# कानूनगो, पुलिस ने हटवाया कब्जा, तब रखी होलिका

अमृत विचार
खबर का असर

संवाददाता, उसहैत



गांव में कहां रखें होलिका जब जमीन पर है कब्जा

अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा।



अतिक्रमण हटवाते राजस्व विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव सरेली में कुछ लोगों ने होलिका स्थल पर कब्जा कर लिया था। एसडीएम के निर्देश के बाद भी कानूनगो और थाना पुलिस होलिका स्थल को कब्जा मुक्त नहीं करा पा रही थी। जिसकी वजह से गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस प्रकरण को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को कानूनगो और लेखपाल ने गांव पहुंचकर होलिका स्थल को कब्जा मुक्त कराया। साथ ही पास के खंभे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया। जिससे होली वाले दिन गांव की गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

गांव निवासी कुछ दिनों पूर्व एसडीएम दातागंज से शिकायत कर होलिका स्थल को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। शिकायत पर एसडीएम ने लेखपाल को भेजकर मौका मुआयना कराया। लेखपाल के पहुंचने पर वहां निर्माण कार्य चल रहा था। लेखपाल ने रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी। इसके बाद एसडीएम ने कानूनगो को जमीन खाली कराने के आदेश कर दिए। एसडीएम के आदेश करने पर भी कानूनगो द्वारा जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया। बल्कि ग्रामीणों को थाने बुलाकर चुनाव बाद जमीन खाली कराने का आश्वासन देकर भेज दिया।

होलिका स्थल पर कब्जा होने की वजह से गांव में होली नहीं रखी जा सकी। खबर प्रकाशित होने के बाद कानूनगो भगवानदास, लेखपाल दिनेश कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह मय फोर्स के गांव पहुंचे और जमीन को खाली कराया। ग्राम पंचायत प्रधान विश्वनाथ यादव के सहयोग से गोशाला व होलिका दहन स्थल के सामने सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। वहीं भूमि कब्जा मुक्त होने के बाद ग्रामीणों ने होलिका रखी गई है।

## सिलेंडर में लगी आग पुलिस ने पाया काबू

संवाददाता, वजीरगंज



रसोई से सिलिंडर बाहर लाता पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार :** कस्बा के मोहल्ला गोपालपुर के घर में अचानक एक घर में सिलेंडर में आग लग गयी। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे एसओ राकेश कुमार की टीम की सूझबूझ की वजह से आग पर काबू पाया गया।

कस्बा के मोहल्ला गोपालपुर निवासी फूल सिंह पुत्र बनवारी के घर की रसोई में सिलेंडर रखा था। सोमवार को अचानक सिलेंडर में आग लग गई। रसोई में जब धुआं निकला तो मोहल्ले में अफरा तफरी मच गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। एसओ राकेश कुमार ने बताया कि दो सिलेंडर अन्य रखे थे यदि आग उन तक आग पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया जिससे हादसा टल गया।

मतदान पर जोर | पिछले दो बार के चुनाव में 58 प्रतिशत से ऊपर नहीं हो सका था मतदान

# मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

प्रदीप सक्सेना, अमृत विचार

- वर्ष 2014 में 57.77 और 2019 में 57.15 फीसदी हुआ था मतदान



### विधानसभावार मतदान प्रतिशत

| विधानसभा | वर्ष 2014 | वर्ष 2019 |
|---|---|---|
| गुन्नौर | 56.24 | 55.52 |
| बिसौली | 59.12 | 58.78 |
| सहसवान | 58.74 | 56.83 |
| बिल्सी | 57.04 | 55.35 |
| बदायूं | 59.12 | 56.83 |

### इस बार यह है स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2409905 |
| पुरुष मतदाता | 1292286 |
| महिला मतदाता | 1117516 |
| थर्ड जेंडर | 103 |

**अमृत विचार:** चुनाव आयोग के लाख प्रयास के बाद भी जिले का मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा नहीं रहा है। आयोग के निर्देशों के क्रम में विविध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के बाद भी मतदान के प्रति लोगों का रुझान कम होना चिंता का विषय है। पिछले दो चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2019 में 58.98 फीसदी मतदान हुआ. 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर 57.15 फीसदी मतदान हुआ था।

लोकसभा चुनाव 2014 के आंकड़ों पर गौर करें तो जिले के औसतन 58 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। यानि लाख कोशिश के बाद भी 42 प्रतिशत मतदाता मतदान केंद्रों से दूर रहे। ऐसा ही हाल वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला था। हालांकि पिछले चुनावों में जिला स्तर से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया गया था। जिसमें जागरुकता कार्यक्रम तो शामिल था ही लोगों को मतदान क लिए प्रेरित करने के लिए मानव श्रृंखला भी बनाई गई थी। जिला प्रशासन मतदान का रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद में था, लेकिन मतदान प्रतिशत में ज्यादा इजाफा नहीं हो सका। एक बार फिर चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदाताओं को लोकतंत्र का भागीदार बनने के लिए जागरुकता अभियान चलाए जाएंगे। बड़े-बड़े बैनर व पोस्टर के अलावा नुक्कड़ नाटक व सभाओं का आयोजन होगा, ताकि अधिकाधिक लोग अपने मतों की आहुति दें सकें। लेकिन अतीत के अनुभव यह बयां करने के लिए पर्याप्त हैं कि प्रशासनिक अमले को अतीत से सबक लेने की जरूरत है। जागरुकता कार्यक्रमों से रूट लेवल के व्यक्तियों को जोड़ने का प्रयास हो, ताकि आयोग की मंशा पूरी की जा सके। वैसे डीएम मनोज कुमार ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करने बहुत पहले से ही शुरू कर दिये हैं। उन्होंने दर्जनों स्कूलों का दौरा कर बच्चों को मतदान क लिए जागरूक किया और संकल्प दिलाया कि वह अपने माता-पिता को मतदान क प्रति जागरूक करें, उनका यह प्रयास अब भी जारी है। इसका कितना असर होगा यह मतगणना के बाद पता लगेगा।

## हादसे में बाइक सवार की मौत पत्नी-बच्चे घायल

**सहसवान, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नदयाल निवासी गुड्डू पुत्र रामस्वरूप पत्नी व दो बच्चों के साथ हापुड़ के पास भट्ठे पर मजदूरी करता था। अभी कुछ दिन पूर्व वह हापुड से लौटा था। सोमवार की देर शाम बाइक से पत्नी और दो बच्चों के के साथ अपनी ससुराल बरवारा जा रहा था। बदायूं-मेरठ हाईवे पर अली कबीर की जियारत के पास उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड दिया। बाइक पर बैठी उसकी पत्नी सावित्री व तीन साल की पुत्री प्रीति व एक वर्षीय पुत्र कार्तिक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं उसकी घायल पत्नी व बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

## जुआ और सट्टा के चार आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना अमांपुर पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अमांपुर पुलिस ने आरोपी भंवर सिंह, हरी सिंह, अवधेश निवासी कस्बा अमांपुर को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है जहां से उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई है। आरोपितों के कब्जे से 2640 रुपये की नगदी और 52 पत्ते तांस के बरामद हुए हैं। वहीं गंजडुंडवारा पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए मोहल्ला मूलचंद्र निवासी सद्दाम को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1280 रुपये की नगदी और सट्टे की पर्चियां बरामद की गई है।

### फाल्गुन मास में रंगों के पर्व होली से आठ दिन पूर्व का समय होता है होलाष्टक ,शुक्ल पक्ष की अष्टमी से होती है शुरुआत , पुराणों में है इन बातों का जिक्र

# होलाष्टक की अवधि में वर्जित होते हैं सभी मांगलिक एवं शुभ कार्य

**दीपक मिश्र, मोहनपुरा**

**अमृत विचार :** सनातन संस्कृति में बहुत से महत्वपूर्ण पर्व एवं त्योहार हैं, जिन्हें बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इनमें फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को आने वाले रंगों के पर्व होली की प्रमुख भूमिका है जिसका लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। बच्चे और युवा इस त्योहार पर जमकर मौजमस्ती करते हैं। होली से आठ दिन पहले फाल्गुन शुल्क अष्टमी को होलाष्टक लग जाते हैं जो होलिका दहन तक रहते हैं। जिनका सनातन संस्कृति में काफी महत्व बताया गया है, क्योंकि इस अवधि में सभी मांगलिक कार्यों को वर्जित रखना बताया गया है। इस अवधि में जप तप करना, भगवान विष्णु, हनुमान और नरसिंह भगवान की पूजा करने का विधान है। साथ ही सूक्त पाठ, मंगल ऋण मोचन स्त्रोत का पाठ करने से कर्ज से छुटकारा मिलता है और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### होलाष्टक की तिथियां

पहला दिन – रविवार 17 मार्च 2024
दूसरा दिन – सोमवार 18 मार्च 2024
तीसरा दिन – मंगलवार 19 मार्च 2024
चौथा दिन – बुधवार 20 मार्च 2024
पांचवां दिन – गुरुवार 21 मार्च 2024
छठां दिन – शुक्रवार 22 मार्च 2024
सातवां दिन – शनिवार 23 मार्च 2024
आठवां दिन – रविवार 24 मार्च 2024

### शुभ कार्यों के वर्जित रहने का कारण

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त प्रह्लाद पर उनके पिता असुर हिरण्यकश्यप ने भगवान को भक्ति करने कर अपने पुत्र को तरह तरह की प्रताड़नाएं दी थी और फाल्गुन पूर्णिमा के दिन आग में जलाने का प्रयास किया था। जिस कारण ग्रहों की स्थिति उग्र बन गई। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलाष्टक के दौरान अलग अलग तिथियों में नवग्रह में से आठ ग्रह उग्र अवस्था में रहते हैं। अष्टमी तिथि को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी तिथि पर शनि, एकादशी को शुक्र ग्रह, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा तिथि को राहु की अवस्था उग्र रहती है इसलिए इस अवधि में मांगलिक एवं शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। होलाष्टक की अवधि में किए गए किसी भी शुभ कार्य पर इन सभी ग्रहों का बुरा असर पड़ता है जिससे जीवन में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए सभी शुभ कार्यों को इन दिनों में करना निषेध माना गया है।

### होलाष्टक के दौरान न करें ये काम

इस अवधि में सनातन संस्कृति में आने वाले सोलह संस्कारों जैसे विवाह संस्कार, नामकरण संस्कार, उपनयन, जनेऊ, मुंडन व छेदन संस्कार आदि के साथ साथ भूमि पूजन, गृह निर्माण एवं प्रवेश, नवीन प्रतिष्ठान का आरंभ, नया वाहन खरीदना आदि शुभ एवं मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए। इसके अतिरिक्त वधु की विदा करना और कराना भी शुभ नहीं माना जाता है। आचार्य पं. दिवाकर पचौरी ने बताया कि अपरिहार्य स्थिति में केवल त्रयोदशी संस्कार को किया जा सकता है।

### इस दिन शुरू होंगे होलाष्टक

आचार्य पंडित दिवाकर पचौरी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी की शुरुआत शनिवार 16 मार्च को रात्रि 9 बजकर 40 मिनट से हो रही है, जो रविवार 17 मार्च को रात्रि 9 बजकर 53 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि प्रभावी होने के कारण होलाष्टक रविवार 17 मार्च से माने जाएंगे जो 24 मार्च तक रहेंगे। 25 मार्च को होली मनाई जाएगी, जिसके साथ ही होलाष्टक समाप्त हो जाते हैं।

# गांव से शहरों तक बाजारों में चढ़ने लगा होली का रंग

### सज गई रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानें, कचरी और खाद्य सामग्री की बढ़ गई खरीदारी

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**


नदरई गेट बाजार में कचरी एवं होली से संबंधित अन्य सामान खरीदतीं महिलाएं।


बिलराम गेट बाजार में रेहड़ी पर होली के रंग और पिचकारी बेचता कारोबारी।

**अमृत विचार :** होली के त्योहार का अब बाजारों पर रंग चढ़ने लगा है। शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। कचरी और खाद्य सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है। त्योहार को लेकर बाजारों में बढ़ती भीड़ लोगों का उत्साह बया कर रही है। कारोबारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। इस बार लोगों में भी रौनक बढ़ गई है।

ज्यो-ज्यो होली का त्योहार करीब आता जा रहा है। लोग पर्व की तैयारियों में जुट गए हैं। रंगों के इस पर्व के लिए शहर गांव-गांव और कस्बों के बाजारों में रंग, पिचकारी और गुलाल की दुकानें सज गई हैं। वहीं किराना और परचून विक्रेताओं के यहां होली की खाद्य सामग्री रंगीन कचरी की बिक्री बढ़ गई है। वैसे तो होली त्योहार 25 मार्च को मनाया जाएगा। लोग रंगों में डूबेंगे, लेकिन इसके लिए घरों में तैयारियां शुरू हो गई है। शहर के नदरई गेट, सोरों गेट, बिलराम गेट, सहावर गेट सहित बाजारों में भी रंग गुलाल की अस्थाई दुकानें और रेहड़िया लगी हुई हैं। शहर के अलावा कस्बों में भी रंगत प्रतिदिन बढ़ रही है। होली का त्योहार मनाने के लिए बच्चे भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस बार महंगाई ज्यादा है। बावजूद वे होली की तैयारियों में जुट गए हैं।

### महंगाई के बाद भी लोगों में दिख रहा उत्साह

खाद्य पदार्थों से लेकर रंग, गुलाल, पिचकारी सहित अन्य सभी होली से संबंधित वस्तुओं पर महंगाई गत वर्षों के सापेक्ष महंगाई की मार है। महंगाई के बावजूद भी त्योहार को लेकर लोगों के उत्साह में कोई कमी दिखाई नहीं दे रही है। बाजारों में बढ़ती भीड़ और लोगों द्वारा की जा रही खरीदारी इसका प्रमाण है।

### डोरेमान बच्चों की बन रहा पसंद

होली खेलने की सामग्री में मास्क भी बाजार में उपलब्ध है। भूत, प्रेत, भालू, शेर, बंदर सहित अन्य जानवरों के चेहरे के मास्क बाजार में मौजूद हैं, लेकिन सबसे अधिक मांग डोरेमान के मास्क की है। यह बच्चों की पसंद बना हुआ है। वैसे हनुमान, लंगूर के चेहरे की भी मांग है। दाढ़ी, मूछे, बाल और होली की टी-शर्ट भी लोगों द्वारा खरीदी जा रही है।


होली की त्योहार के लिए खरीदारी शुरू हो गई है। शुरुआत अच्छी हुई है। उम्मीद है कि इस वर्ष भी अच्छा कारोबार होगा, लेकिन खाद्य सामग्रियों पर 15 से 20 फीसद तक की महंगाई है।
**– पंकज माहेश्वरी।**


गृहणियों की बात होली के त्योहार के लिए हमेशा की तरह इस बार भी आलू के पापड़ और चिप्स बना लिए गए हैं। अन्य खाद्य सामग्री अभी नहीं बनाई। एकादशी से बनाएंगे।
**– रुची राजपूत।**


होली के रंग, पिचकारी का फुटकर कारोबार बीते 10 वर्षों से कर रहा हूं। शुरू में भले ही बाजार मंदा रहता हो, लेकिन त्योहार आते-आते मांग बढ़ जाती है। इस बार भी मांग में कोई कमी नहीं होगी।
**– रिंकू।**


फिलहाल अभी तक चिप्स और पापड़ ही बनाए हैं। कचरी बाजार से खरीद ली है। अन्य खाद्य सामग्री बनाने का सिलसिला अभी शुरू नहीं किया है।
**– डोली सक्सेना।**

## अवैध शराब के कारोबारियों पर शिकंजा

**कासगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चलते अवैध शराब के कारोबारियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने भी अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब के 20 कारोबारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 118 अवैध देशी शराब के क्वाटर बरामद किए हैं। आरोपितों को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। सिढ़पुरा थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर योगेंद्र निवासी गांव हमीरपुर थाना सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 18 क्वाटर अवैध शराब के बरामद किए। सदर कोतवाली पुलिस द्वारा मोनू निवासी मोहल्ला मोहन गली कायस्थान को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 20 क्वाटर अवैध शराब के बरामद हुए हैं। थाना सहावर पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत आरोपी जीतू निवासी गांव बौंदर को गिरफ्तार किया गया है। जामा तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 20 क्वाटर अवैध देशी शराब के बरामद हुए हैं। धर-पकड़ के इस क्रम में थाना ढोलना पुलिस ने रमेश निवासी कुढ़ार, राजवीर निवासी गांव मोहम्मदपुर को गिरफ्तार किया है। इस तरह से अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई हुई है।

# भक्तों ने रंग गुलाल की वर्षा की, वातावरण हुआ सतरंगी


श्याम बाबा की आरती उतारते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- **शहर में निकाली गई श्याम बाबा की निशान यात्रा**
- **श्याम बाबा के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु**

**अमृत विचार :** सोमवार को शहर में भगवान श्री श्याम बाबा की निशान शोभायात्रा निकाली गई। रंग गुलाल की वर्षा से वातावरण सतरंगी हुआ। भक्ति भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने बाबा की जय-जयकार कर माहौल को भक्तिमय बनाया। बाजार की सड़कें भी गुलाल से रंगीन हो गईं।

शहर के रूप कंम्पलैक्स पर सुबह से ही श्याम बाबा के भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। पीतांबर धारण किए गले में श्याम नामी टुपट्टा डाले श्रद्धालु बाबा की जय-जयकार कर रहे थे। मौका था फाल्गुल मास में निकलने वाली श्याम बाबा निशान शोभायात्रा का । शोभायात्रा का आरंभ रूप कंपलैक्स से भक्तों ने बाबा की आरती उतारकर किया। यात्रा नदरई गेट, गांधी मूर्ति, माल गोदाम चौराहा, मिशन चौराहा होती हुई श्याम बाबा मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा की आरती उतारी। दीपक मराठा, किशोर अग्रवाल, जितेंद्र वार्ष्णेय, गौरव अग्रवाल, अनिल वार्ष्णेय, राहुल वर्मा, मनोज शर्मा, सचिन सैंगर, शैलेंद्र, मोनू माहेश्वरी, ललित, रवि, जतिन, तरुण आदि रहे।

# डीएम-एसपी ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। डीएम, एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिए हैं।

डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने चुनाव के मद्देनजर थाना कासगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय कासगंज, प्राइमरी स्कूल मामों, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कासगंज एवं गणेश इंटर कालेज, तथा थाना सोरों क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय प्रहलादपुर का निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्र के आसपास से ईंट-पत्थर आदि हटाने व बिजली, पानी एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था तथा मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की दशा व दिशा सही करने के निर्देश दिए। चिह्नित स्थानों पर बेरीकेडिंग करने, मतदान केंद्र एवं आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने को कहा। डीएम ने मतदान केंद्र तक सुगम आवागमन व्यवस्था बनाए रखने तथा दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी के रुकने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल, शौचालयों, स्नानागार आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने संबंधी निर्देश दिए गए।


श्रीगणेश इंटर कॉलेज मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम सुधा वर्मा।

- **मतदान केंद्रों के आसपास से हटा दिए जाएं ईंट-पत्थर**

# भूल गए बलिदान, धूल फांक रहीं महापुरुषों की प्रतिमाएं

**संवाददाता, गंजडुंडवारा**

**अमृत विचार :** कस्बा में नगर पालिका के जिम्मेदार महापुरुषों एवं शहीदों के सम्मान में उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित गांधी पार्क में शहीदों के सम्मान में पालिका प्रशासन द्वारा बनाए शिलाफलकम एवं चौक चौराहे पर महापुरुषों की स्थापित प्रतिमाओं की दुर्दशा देख गौरवान्वित होने की बजाय शर्मिंदगी महसूस होती है। जबकि शहीदों के सम्मान में केंद्र सरकार द्वारा मेरा माटी मेरा देश अभियान चला और शिलाफलकम के समक्ष सम्मान के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी हुआ।

आज यह भी धूल व गंदगी से पटा है। जिन्होंने देश और आने वाली पीढ़ी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। जिनकी प्रतिमाएं सम्मान की प्रतीक होती हैं। उनके कार्यों और बलिदानों को याद कराती हैं। कस्बे के चौक-चौराहों पर महाराणा प्रताप, डा. भीमराव आंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की लगी प्रतिमाएं अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। पालिका की उदासीनता के चलते सब की सब बदहाल स्थिति में हैं। इनके सम्मान में प्रतिमाएं एवं शिलाफलकम तो लगाए गए जब कोई त्योहार पड़ता है तो प्रतिमाओं की सफाई कराई जाती रही लेकिन इनका रुटीन रखरखाव व साफ-सफाई सुनिश्चित नही की गई है, जिससे शायद इस दशा को देखकर समाज और देश की खातिर अपना सब कुछ समर्पित करने वाले शहीदों और महापुरुषों की आत्मा भी यह सोचने को मजबूर होगी कि आखिर उन लोगों ने किस समाज व्यवस्था की कल्पना को जेहन में रखकर लड़ाई लड़ी थी और अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।


अनदेखी के चलते दुर्दशा का शिकार गंजडुंडवारा का पार्क। ● अमृत विचार

> शहीदों के सम्मान में शिलाफलकम एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं को सम्मान दिया जाएगा। रूटीन में रख रखाव तय किया जाएगा।
> **– सुनील कुमार,** अधिशासी अधिकारी।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि


शहीदों के सम्मान में बने शिलाफलकम एवं महापुरुषों की प्रतिमा की देखरेख में पालिका की उदासीनता गलत है। नगर पालिक को इनकी रूटीन देखरेख तय करनी चाहिए। **–अब्दुल हफीज गांधी,** राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा।


शहीदों एवं महापुरुषों का सम्मान भाजपा की प्राथमिकता है। इनका सम्मान होना चाहिए। इनकी दुर्दशा बर्दाश्त नही की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। **– केपी सिंह,** जिलाध्यक्ष, भाजपा।


शहीदों के सम्मान में बने शिलाफलकम एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं की दुर्दशा व इनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और इनके अपमान के दोषियों पर कार्रवाई कराई जाएगी। **–हरिओम वर्मा,** विधायक अमांपुर।


नगर में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं शहीदों के सम्मान में बने शिलाफलकम की साफ सफाई को पालिका गंभीर दिखाई नही दे रही है। जबकि इन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। **– किशन दिवाकर,** नगर अध्यक्ष सेवा भारती।

## रामचरित मानस के सुंदरकांड का हुआ पाठ

**कासगंज,अमृत विचार :** मां जगदंबा श्रीमद् रामचरितमानस प्रचार प्रसार समिति ब्रह्मपुरी सोरों जी में बसंत पंचमी से अनवरत अखंड पाठ की श्रृंखला में 25 वां पाठ पूर्ण होने पर संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया गया। संयोजक नीरज कुमार भारद्वाज ने तुलसी बाबा की श्रीमद् रामचरितमानस से कहा कि भल अनभल निज निज करतूती। लहत सुजस अपलोक विभूती। सुधा सुधाकर सुरसरि साधू। गरल अनल कलिमल सरि व्याधू। गुन अवगुन जानत सब कोई। जो जेहि भाव नीक तेहि सोई। भले और बुरे अपनी अपनी करनी के अनुसार यश और अपयश पाते हैं। साधु, अमृत चंद्रमा और गंगा जी के समान हैं। दुष्ट विश्व अग्नि और कलयुग के पापों की नदी अर्थात कर्मनाशा और हिंसा करने वाले लोगों के समान हैं किंतु जिसे जो भाता है। उसे वही अच्छा लगता है। इस दौरान बड़ी मात्रा में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने सीओ और इंस्पेक्टर को किया सम्मानित

**कासगंज।** गंजडुंडवारा किराना व्यापारी अमित गुप्ता की दुकान से 6 लाख 30 हजार की नगदी चोरी की घटना का खुलासा कर शातिर अपराधियो को पकड़ने वाली पुलिस टीम का कुशल निर्देशन करने वाले क्षेत्राधिकारी पटियाली वीके राना और कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का रविवार को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष व व्यापारियों ने सम्मानित किया। व्यापारियों ने सराहना की। इस मौके पर युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष भारत गुप्ता, प्रफुल जैन, विवेक आदि रहे।


सीओ को सम्मानित करते व्यापारी।




**बदलाव** — प्राचीन समय में टेसू के फूल से बनाया जाता था रंग,औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं, त्वचा पर कोई नुकसान नहीं

# पाश्चात्य चकाचौंध में फीका पड़ा ' टेसू के फूल ' का पौराणिक महत्व

**दीपक मिश्र, मोहनपुरा**

**अमृत विचार :** बदलती जीवन शैली और भागम भाग भरी दिनचर्या के कारण लोग प्राकृतिक संसाधनों से हटकर कृत्रिम और मानव निर्मित संसाधनों पर निर्भर हो चले हैं। प्रकृति ने हमें पेड़-पौधों और वनस्पतियों के माध्यम से तरह तरह के रंगों को भेंट किया है। जिनका उपयोग हमारे पूर्वज भली भांति किया करते थे। ऐसा ही एक अनोखा रंग हमें टेसू के फूलों से मिलता है, जो आज पश्चिमी चमक और तरह तरह के रसायनों से युक्त रंगों के सामने अपना अस्तित्व खो चुका है।

प्रधानाचार्य से सेवानिवृत्त शिक्षाविद् सत्य प्रकाश मिश्र ने बताया कि टेसू का फूल वास्तव में प्रकृति द्वारा नवाजा गया एक नायाब तोहफा है, जिसका उल्लेख वेदों में भी मिलता है। यह एक अनोखा नारंगी रंग देने के साथ साथ औषधीय गुणों से भी भरपूर है। प्राचीन समय में इसी से होली खेलने के लिए रंग का निर्माण किया जाता था। एक समय था जब होली के रंगों की शान सिर्फ टेसू के फूलों से होती थी। होली में फाग और टेसू के फूल प्रसिद्ध हुआ करते थे। बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही टेसू के पौधे पर कलियां आना प्रारंभ हो जाती हैं।

फाल्गुन आते ही लोग टेसू के फूलों को एकत्रित करना आरंभ कर देते थे। टेसू के फूलों से रंग और फलियों से अबीर बनाकर प्राकृतिक रंगों से होली खेला करते थे। ये प्राकृतिक रंग त्वचा पर निखार लाते हैं जबकि आजकल केमिकल युक्त रंगों से त्वचा पर बुरा असर पड़ता है।


टेसू के फूल का फाइल फोटो।

- **विभिन्न प्रकार के रसायनों से मिश्रित रंगों का त्वचा पर पड़ता है बुरा असर**

### कई नामों से जाना जाता है फूल

टेसू का फूल उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प है। इसको पलाश, केसु, ढाक, गेसु, ब्रह्मवृक्ष, परसा, किशक, सुपका और फ्लेम ऑफ फॉरेस्ट आदि कई नामों से भी जाना जाता है। यह केसरिया लाल रंग का होता है। इसके पुष्प देखने में बहुत सुंदर व आकर्षक लगते हैं। ये सुंदरता और सजावट ही नहीं वरन समृद्धि के लिए भी जाने जाते हैं।

### ऐसे बनता है रंग

प्राचीन समय में फाल्गुन आते ही लोग टेसू के फूलों को इकट्ठा कर एक बर्तन में भिगो देते थे। एक दो दिन बाद लालिमा लिपटे इन फूलों को उबाल कर ठंडा करने के बाद इसमें चूना मिला दिया जाता था। उसके बाद उसमें सुंदर बसंती रंग उभरकर आ जाता था। इसी रंग को लोग होली के त्योहार पर एक दूसरे को लगाने के लिए प्रयोग करते थे। यह प्राकृतिक रंग शरीर के लिए उपयुक्त होता था जिसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता था। किंतु आधुनिकता की दौड़ में रसायन युक्त रंगों के चलन से ये अपना अस्तित्व खो चुका है।

### वास्तु शास्त्र में भी है बेहद महत्व

वास्तु शास्त्र के अनुसार भी टेसू या पलाश के फूल का बेहद महत्व है। हिंदू धर्म में इस पेड़ को काफी पवित्र माना गया है। ये पुष्प धन और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को बेहद प्रिय हैं। ऐसी मान्यता है जिस घर में ये फूल खिलते हैं वहां सदैव समृद्धि रहती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार इसे उत्तर दिशा में लगाना शुभ माना गया है।

### औषधीय गुणों से भरपूर है टेसू

आयुर्वेद चिकित्सक डॉ राघवेंद्र दुबे के अनुसार पलाश या टेसू के पेड़ का प्रत्येक भाग फूल, फली, टहनी, जड़ और पत्तियां सभी औषधीय गुणों से भरपूर हैं। आयुर्वेद में इनका विभिन्न रोगों की चिकित्सा हेतु उपयोग किया जाता है। पलाश के फूलों को परम औषधि माना गया है। इसके पुष्पों को पानी में डालकर स्नान करने से गर्मी में लू नहीं लगती है। इसके अतिरिक्त शरीर के विभिन्न रोगों की चिकित्सा में इसका प्रयोग किया जाता है। सनातन धर्म में पौराणिक मान्यताओं के अनुसार टेसू काफी महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त पत्तियों का प्रयोग दौना पत्तल बनाने में किया जाता है।


आयुर्वेद में टेसू के प्रत्येक भाग को औषधि का खजाना बताया गया है। सुश्रुत संहिता, चरक संहिता और अष्टांग हृदय जैसे आयुर्वेद ग्रंथों में इसका विशेष रूप से वर्णन किया गया है। यह शक्तिशाली औषधीय पौधा है जिसका प्रयोग शरीर के विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है।
**– डॉ राघवेंद्र दुबे,** आयुर्वेद चिकित्सक।

## एक नजर

### रोडवेज बस ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के एटा-अलीगंज मार्ग स्थित मंडी के सामने रविवार की देर रात तेज रफ्तार रोडवेज बस साइकिल सवार व्यक्ति को रौंदती हुई सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई। इस हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई जबकि बस में सवार यात्रियों को मामूली चोट आई है। घटनाक्रम के अनुसार रविवार की रात 8:30 बजे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नरहरा निवासी प्रताप सिंह (55) पुत्र अतर सिंह कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव शिव सिंहपुर से दावत खाकर साइकिल से लौट रहे थे। जैसे ही वे मंडी और शिवसिंहपुर के मध्य पहुंचे कि तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस साइकिल सवार को रौंदती हुई बिजली के पोल में घुस गई। हादसे में साइकिल सवार प्रताप सिंह की मौत हो गई, जबकि बस सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोट आई ।

### युवक को गोली मारकर किया घायल

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र में एक युवक को सोमवार को दोपहर दोस्तों ने ही गोली मारकर घायल कर दिया। उसको मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया है जहां पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। बताया गया है कि रिजोर थाना क्षेत्र के ग्राम खुशालगढ़ निवासी आर्यन (20) पुत्र दिनेश चन्द्र सोमवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के जीटी रोड स्थित अरुणा नगर गेट के सामने मौजूद थे। आरोप है कि तभी कुछ लोग आए और हत्या के इरादे से उस पर गोली चला दी। इससे वह घायल हो गया। बताते हैं कि हमलावर कोई और नहीं उसी के दोस्त हैं। घायल को तत्पश्चात अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विवाहिता की मौत पर जमकर चले लात-घूंसे

## पोस्टमार्टम हाउस पर मायका व ससुराल पक्ष में विवाद, लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जबकि मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मायका पक्ष और ससुराल पक्ष के लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मायका पक्ष ने हत्या के आरोप में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।


मृतका उपमा।

जनपद फर्रुखाबाद के थाना व कस्बा कम्पिल निवासी अभय सिंह की 31 वर्षीय बेटी उपमा की शादी 27 नवंबर 2022 को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम असरोली निवासी मथुरा प्रसाद के पुत्र प्रताप सिंह के साथ हुई थी।

भाई अविनाश का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज मांगने लगे और इसके लिए बहन का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। आरोप है कि रविवार की देर रात बहन उपमा की जहर देकर हत्या कर दी गई। सोमवार को सुबह मायका पक्ष को सूचना दी कि उपमा का वीपी लो होने के कारण मौत हो गई है। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे उपमा के शव के बाद मायका पक्ष के लोग एकत्रित हो गए। वहीं ससुराल पक्ष के भी लोग आ गए। इस दौरान बातों बातों में ही दोनों पक्ष भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई। मौजूद लोगों द्वारा बचाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना की जांच पड़ता की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- घर में ही फंदे पर मिला शव परिजनों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप
- छह वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव नगला भूरा निवासी पूरन के साथ हुई थी शादी

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव नगला भूरा में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता ने ससुरालीजनों पर अधिक दहेज के लिए बेटी की गला दबाकर हत्या कर देने और शव फंदे पर लटका देने का आरोप ससुरालीजनों पर लगाया है।

गंजडुंडवारा के गांव नगला लोधा निवासी पप्पू ने अपनी पुत्री सीमा का विवाह लगभग छह वर्ष पूर्व कोतवाली के गांव नगला भूरा निवासी पूरन के साथ किया था। सीमा की बीती रात सोमवार को ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जब इसकी जानकारी पिता को मिली तो वह बेटी की ससुराल पहुंचा और बेटी के शव को देखकर विलाप करने लगा। पिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। ससुरालीजनों और परिजनों से पूछताछ की है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता का आरोप है कि ससुरालीजन दहेज के रूप में एक बुलेट बाइक और भैंस की मांग कर रहे थे। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने सीमा की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया है। उसने पति सहित ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है।

### फॉरेंसिक टीम ने एकत्रित किए साक्ष्य

घटना की जानकारी पर एसपी अपर्णा रजत कौशिक जिले की फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने मौके से फोटो और साक्ष्य एकत्रित किए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

> शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का करण स्पष्ट होगा। जो भी तथ्य सामने आएगी। उसके आधार पर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।
> – रामवकील सिंह, इंस्पेक्टर कासगंज।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का प्रयास

**एटा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में दहेज के लिए महिला की हत्या की कोशिश की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलावन थाना क्षेत्र के गांव सोंहार निवासी ज्योति ने अदालत के आदेश से मलावन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि उसकी शादी जनपद फर्रुखाबाद के नबाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर निवासी लाल सिंह के साथ हुई थी। अतिरिक्त दहेज में 2 लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति के अलावा श्याम सिंह समेत सात ससुरालीजनों द्वारा पीड़िता को मारपीट कर उत्पीड़न किया गया। इससे भी मन नहीं भरा तो लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलाकर हत्या करने का प्रयास किया गया।

पीड़िता ने यह जानकारी मायके वालों को दी। मायके वाले उसको लेकर थाने पहुंचे। इलाका पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश से श्याम सिंह समेत सात ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# कुश्ती स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया उम्दा प्रदर्शन


प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- विभिन्न वर्गों में कराई गई स्पर्धा खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार:** सोरोंजी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को महिला और पुरुष वर्गों की अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं में प्रतियोगियों ने सहभागिता की। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं हुईं। विजयी टीमों और प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन्हें प्रोत्साहन किया गया।

क्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित कराई जाती है। अब सोमवार को स्टेडियम में सीनियर वर्ग की महिला पुरुष की अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुईं। कुश्ती और दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। कई टीमों ने प्रतिभाग किया।

निर्णायकों ने अहम भूमिका निभाई और विजयी प्रतियोगियों के पक्ष में निर्णय दिया। शाम को विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आगे भी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती रहेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभा का विकास होता है।

### युवक ने जहर खाया, हायर सेंटर रेफर

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नगला केवल निवासी प्रमोद कमार (20) पुत्र सुखपाल सिंह ने गृह क्लेश के चलते घर पर ही जहर का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई। तत्पश्चात पिता द्वारा उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर किया है।

### धोखाधड़ी कर प्लाट का बैनामा कराया

एटा। पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव गुलाबपुर निवासी पुष्पा पत्नी राजबहादुर का आरोप है कि कोतवाली देहात के नगला केवल निवासी धर्मवीर सिंह पुत्र श्रीराम समेत तीन लोगों ने धोखाधड़ी करके कूट रचित दस्तावेज तैयार कर पीड़िता के प्लाट का फर्जी बैनामा करा लिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने धर्मवीर व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# गांव गउपुरा से तीन वर्षीय बच्चा लापता

संवाददाता, सोरों

- गांव पहुंची पुलिस परिजनों से ली जानकारी
- परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली के गांव गउपुरा से घर के बाहर खेल रहा तीन वर्षीय बच्चा लापता हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों से बातचीत की। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है।

गांव गउपुरा निवासी उमाकांत सीआरपीएफ से सेवारत हैं। जम्मू में तैनात हैं। सोमवार की शाम उनका तीन साल का बेटा घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया। जब काफी देर बाद भी वह खेल कर घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसे देखने गए। उसे न पाकर चिंतित हो गए। गांव में उसकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की है।

> बच्चा लापता हुआ है। पिता का जम्मू से फोन आया था। गांव पहुंचकर जानकारी ली है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। बच्चे की तलाश की जा रही है।
> – भोजराज, इंस्पेक्टर सोरों।

# पूर्व विधायक की जमानत अर्जी खारिज

संवाददाता, एटा

- किशोरी से दुष्कर्म के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है मुकदमा

**अमृत विचार:** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सपा नेता पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव की जमानत अर्जी सत्र न्यायालय में पेश की गई। जिसे विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट नरेंद्र कुमार सिंह ने खारिज कर दिया।

कोतवाली नगर में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक एक किशोरी 29 जनवरी 2016 को रामेश्वर सिंह यादव के जीटी रोड स्थित फार्म हाउस पर काम मांगने गई थी। आरोप है कि पूर्व विधायक ने उसे ऊपर वाले कमरे में जाने को कहा और बाद में कमरे में आकर दुष्कर्म किया। यही नहीं बांधकर कमरे में डाल दिया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसके बाद उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह ने आकर दुष्कर्म किया। जब वह नीचे उतरकर आई तो प्रमोद यादव, सुबोध यादव, विनोद यादव ने पिटाई लगाकर कपड़े फाड़ डाले। यह बात किसी न कहने की बात कही और जान से मारने की धमकी दी। जमानत प्रार्थना पत्र में पूर्व विधायक के अधिवक्ता ने अपनी बातों को रखा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कई घरों से नगदी, जेवरात समेत लाखों का माल चोरी

संवाददाता, एटा

- गांव महाराजपुर में रविवार की रात चोरों ने पांच घरों को बनाया निशाना, पीड़ितों ने पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव महाराजपुर में रविवार की देर रात चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया। यहां से नगदी जेवरात समेत चोर लाखों का माल समेट ले गए। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

महाराजपुर निवासी मुनेश अपने किसी कार्य से घर से बाहर गए हुए थे। घर में उनके बच्चे व पत्नी ही थी। बच्चे घर के बाहर सो रहे थे। देर रात किसी समय चोर छत से होकर घर में घुस आए। अंदर के ताले तोड़कर घर में रखे करीब चार लाख रुपये, लाखों के जेवरात व चांदी चुरा ले गए। वहीं, चोरों ने बगल में ओमकार के घर को भी निशाना बनाया। छत के सहारे घर में घुस गए और घर में रखे घरेलू सामान को निकाल ले गए। गांव के ही नीरज के घर का जंगला तोड़कर घर से नगदी व जेवर पार कर दिए। जिसके बाद गांव के ही डीलर मिजाजी लाल व मनोज कुमार के घर का ताला तोड़ने में सफल हो गए, लेकिन उनके घर से सामान चुराने में असफल रहे। सुबह घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। कोतवाली देहात प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर का कहना है कि मामला संज्ञान में है। इस मामले में जानकारी जुटाई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सवारियां बैठाने को बस चालकों में मारपीट

एटा। शहर के मुख्य बस अड्डे पर सोमवार को दोपहर सवारियों को बिठाने को लेकर बस चालकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इस कारण दोनों ओर से मारपीट हुई। कोतवाली नगर में निगम के संविदा परिचालक धर्मेंद्र सिंह ने तहरीर दी है। बताया कि वह आगरा फोर्ट डिपो में संविदा परिचालक है। एटा–आगरा मार्ग पर बस का परिचालन करते हैं। 17 मार्च को एटा बस स्टैंड में अपनी गाड़ी में सवारियों को बैठा रहा था। तभी वहां पर एक व्यक्ति आया। इसकी अनुबंधित गाड़ियां एटा–अलीगढ़ मार्ग पर चलती हैं। उसके साथ चार अज्ञात लोग भी थे। आरोप है कि इन सभी ने उसकी पिटाई की। धमकी दी कि एटा से आगरा तक तुम्हें मारूंगा। इससे पहले 16 मार्च को भी बस स्टैंड पर घटना हुई थी। जिसकी तहरीर आगरा फोर्ट डिपो के चालक दीपक मिश्रा ने कोतवाली नगर में दी थी। बताया कि 16 मार्च को अपनी गाड़ी पर ड्यूटी कर रहा था। एटा बस स्टैंड अंदर से बंद होने की वजह से बस को दूसरे रास्ते से अंदर ले जा रहे थे। तभी संबंधित व्यक्ति ने अभद्र व्यवहार करने लगा। सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

एटा। निधौलीकलां थाना क्षेत्र के ग्राम मजराऊ निवासी कालीचरन की पत्नी शारदा देवी का आरोप है कि गांव के निवासी राजबहादुर पुत्र सोनपाल समेत दो लोगों द्वारा पीड़िता के साथ मारपीट कर गाली- गलौज करते हुए धमकी दी। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव निवासी सोनपाल पुत्र प्यारेलाल के साथ गांव के निवासी रामेश्वर पुत्र मलखान सिंह समेत दो लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की, गाली गलौज करते हुए धमकी दी है। सकरौली क्षेत्र के गांव गहला निवासी राकेश की पत्नी मीना का कहना है कि गांव के निवासी अतुल पुत्र गंगाधर समेत चार लोगों ने मारपीट की है। इधर, अलीगंज के गांव राई निवासी रामचन्द्र के पुत्र शशिराम का आरोप है कि गांव के निवासी रतनेश पुत्र महावीर सिंह समेत तीन लोगों ने पुत्री बबली के साथ मारपीट कर गाली गलौज की है।

### चुनाव के मद्देनजर 121 वारंटी गिरफ्तार

एटा। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तथा जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में एनबीडब्ल्यू वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा 121 एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई। एसएसपी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 12, थाना कोतवाली देहात ने 15, बागवाला ने 12, मारहरा ने 7, मिरहची ने 8, पिलुआ ने 2, मलावन ने 6, रिजोर ने 2, सकीट ने 3, अवागढ़ ने 6, निधौलीकलां ने 4, जलेसर ने 8, सकरौली ने 5, अलीगंज ने 7, जैथरा ने 8, राजा का रामपुर ने 5, नयागांव ने 8, जसरथपुर ने 3 लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

### उपखंड विद्युत अधिकारी ने कार्यभार संभाला

जलेसर। विद्युत उपखंड अधिकारी हरिओम सोनी का अधिशासी अभियंता के पद पर वाराणसी स्थानांतरण हो गया। इसके बाद जनपद मुख्यालय से स्थानांतरित होकर आए उपखंड विद्युत अधिकारी गुलशन किशोर ने जलेसर खंड तृतीय डिवीजन की कमान संभाली। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने समस्त कर्मचारी की बैठक लेकर कहा कि विद्युत चोरी रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। वहीं विद्युत बिलों की वसूली शत प्रतिशत करने का प्रयास किया जाए।

### श्री श्याम चतुर्थ फाल्गुन महोत्सव 22 को

जलेसर। श्री श्याम सेवादार परिवार जलेसर के तत्वावधान में श्री श्याम चतुर्थ फाल्गुन महोत्सव एवं मनुहार संकीर्तन का आयोजन 17 मार्च को शाम 7 :30 बजे से एक वाटिका में होगा। श्री श्याम सेवादार परिवार प्रमुख कार्यकर्ता विवेक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में विधायक संजीव दिवाकर एवं पालिका अध्यक्ष गौरी देवी वर्मा होंगी। वहीं, भजन सम्राट परविंदर पलक, अंकित शर्मा, सचिन मनचंदा के द्वारा भजन गायन होगा। इस दौरान खाटू श्याम भगवान का अलौकिक श्रृंगार, आकर्षक झांकियां, ब्रज रासलीला फूलों की होली व 56 भोग के साथ प्रसाद का भी वितरण कराया जाएगा।

### कोतवाली देहात पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

एटा। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत आरोपित अमित कुमार निवासी किशनपुर लोया थाना कोतवाली देहात को अलीगंज–एटा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर दुष्कर्म के आरोप लगे थे। उसके बाद से वह फरार था। पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस टीम में प्र. नि निर्दोष सिह सेंगर, व.उ.नि.अजब सिह, आकाश सिंह शामिल रहे।

# तीन वारंटी गिरफ्तार कर भेजे जेल

**कासगंज।** वारंटियों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के तहत ढोलना पुलिस ने वारंटी पुष्पेंद्र निवासी सुजातगंज, मनोज निवासी मुहल्ला मंडी कस्बा बिलराम को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना सुन्नगढ़ी पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी धीरेंद्र निवासी थाना गांव कोतवाली पटियाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ उचित कार्रवाई हुई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**Notice**

This is to be notify that I, Purvi Gupta D/o Akhilesh Gupta R/O 127, Civil Lines, Opp. police pared ground, Badaun-243601 have changed my name to Poorvi Gupta for all purposes. I will be known as Poorvi Gupta in future.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र श्याम सुन्दर भसीन व उसकी पत्नी शीतल भसीन को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **चंचल भसीन पत्नी स्व. नरेन्द्र कुमार भसीन निवासी सी-933, पटेल नगर, आवास विकास, राजेन्द्र नगर, जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय के अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश अभिनव कुमार मौर्य दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम अभिनव मौर्य पुत्र कुलदीप कुमार मौर्य है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरे पुत्र का नाम अभिनव मौर्य पुत्र कुलदीप कुमार मौर्य ही अंकित है। **कुलदीप कुमार मौर्य पुत्र श्री कृष्ण मौर्य निवासी ग्राम व पो. कैमहरा तहसील लखीमपुर जिला खीरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजन एवं पुत्रवधु सुमन शर्मा पुत्री वेद प्रकाश शर्मा को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राजो पत्नी स्व. रामविलास निवासी सम्राट अशोक नगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# लोस चुनाव का बहिष्कार करेगा अहेरिया समाज


कलेक्ट्रेट पर डीएम सुधा वर्मा को ज्ञापन देते अहेरिया समाज के लोग।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- आरक्षण की किसी भी श्रेणी में शामिल न करने पर जताया आक्रोश
- युवा अहेरिया समाज सेवा समिति ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** युवा अहेरिया समाज सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को डीएम को ज्ञापन दिया है। इसमें अहेरिया जाति को एससीएसटी एवं ओबीसी किसी भी श्रेणी में शामिल न किए जाने पर आक्रोश जताया है। साथ लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

जिलाध्यक्ष महाराज सिंह अहेरिया ने कहा कि कासगंज जनपद में अहेरिया जाति के विद्यार्थियों के पास उत्तर प्रदेश राज्य की एससी/एसटी, ओबीसी का जाति प्रमाण पत्र न होने के कारण अहेरिया समाज के मेधावियों को सरकारी सुविधाएं और नौकरी में आरक्षण का लाभ नहीं मिला पा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष राम खिलाड़ी अहेरिया ने कहा कि कासगंज जनपद में अहेरिया समाज के लोगों को एससी/एसटी, ओबीसी की जाति श्रेणी में शामिल कर जाति प्रमाण पत्र जारी कराए जाए। अन्यथा की स्थिति में अहेरिया समाज के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

बृजेश कुमार अहेरिया, मीरा देवी अहेरिया, संजीव कुमार अहेरिया, महाराम सिंह अहेरिया, रूपराम अहेरिया, डा. जयपाल सिंह अहेरिया, राजपाल सिंह अहेरिया, राजकुमार अहेरिया आदि भारी संख्या में मौजूद रहे।

